## महत्वपूर्ण एवं खास

### वूसली मामले में तीन आरक्षक निलंबित

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर एसपी प्रशांत अग्रवाल ने डीडीनगर थाना में पदस्थ 3 आरक्षकों को निलंबित कर दिया है। आरक्षकों पर एक दुकानदार को झूठे मामलों में फंसाने का भय दिखाकर अवैध वसूली करने तथा मारपीट करने का आरोप था। मिली जानकारी के मुताबिक डीडी नगर थानाक्षेत्र में पान ठेला चलाने वाले विमल निषाद नामक व्यक्ति पर सट्टा खिलाने का झूठा आरोप लगाकर आरक्षक अभिलाष नायर, गुरुदयाल सिंह पुसाम, और कमलकांत कश्यप ने उसे थाने बुलाया तथा उसके साथ मारपीट कर उससे 50 हजार रुपए की वसूली की थी। पीड़ित ने गुरूवार को एसपी ऑफिस में मामले की शिकायत की थी। जिसके बाद एसपी प्रशांत अग्रवाल ने तीनों आरक्षक को को निलंबित कर दिया है।

### फोम फैक्ट्री में लगी आग

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कचना इलाके के एक फोम फैक्टरी में भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्टरी के कर्मचारियों सहित आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड तथा पुलिस विभाग की दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाने प्रारंभ कर दिया। आग लगने की वजह का फिलहाल पता नाही चला है। विधानसभा थाना इलाके के कचना में स्थित उक्त फैक्ट्री का नाम आदित्य फॉर्म इंड्रस्ट्रीज बताया जा रहा है। फिलहाल दमकल कर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे है।

### लुटेरे ने मिर्ची पावडर छिड़क कर सोने का मंगल सूत्र लूटा, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में चोर ने प्रार्थीया के आंख व चेहरे पर मिर्ची पावडर डालकर सोने का मंगल सूत्र लूटने वाले आरोपी खोरबहरा सेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक प्रार्थिया नीराबाई साहू ने थाना गोबरानवापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह किसान पारा गोबरा नवापारा की रहने वाली है तथा गृहणी है। दिनांक 22 सितंबर के शाम करीबन 7 बजे वह अपने घर आगंन में दीयाबाती कर रही थी। इसी दौरान ग्राम चमसुर का रहने वाला खोरबहरा सेन आया और प्रार्थिया के आंख व चेहरे में मिर्ची पाऊडर डालकर कर प्रार्थिया के गले में पहने सोने के मंगलसूत्र जो काले रंग की मोती में गुथा हुआ था जिसमें सोने की पत्ती एवं सोने का गेहूं दाना लगा था को लूट लिया तथा प्रार्थिया के घर के दरवाजा को बाहर से बंद कर फरार हो गया।

### राजधानी में पकड़ाया 1 लाख 15 हजार का गांजा, 6 किलों 250 ग्राम गांजा जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के तेलीबांधा व खमतराई थानाक्षेत्र में पुलिस ने 6 किलों 250 ग्राम गांजा जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक तेलीबांधा पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर 22 सितंबर को देरात एशियन पेंट गोदाम के पास श्याम नगर में एक व्यक्ति को घेराबंदी कर उसके कब्जे से एक थैला में रखा 1250 ग्राम जब्त की है। गांजा की अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये आंकी गई है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पिन्टू ढीमर उर्फ दादू 25 वर्ष पिता भागवत ढीमर निवासी क्रिश्चन कालोनी श्यामनगर तेलीबांधा रायपुर बताया है। इसी तरह गुरुवार को दोपहर 1.30 बजे खमतराई पुलिस ने मुखबीर की सुचना पर पुरानी शराब दुकान भनपुरी में एक व्यक्ति गांजा तस्करी करने के फिराक में खड़ा मिला। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर उसके कब्जे से एक थैला में रखा 5 किलों गांजा अनुमानित कीमत 1 लाख रुपये को जब्त की है। आरोपी का नाम पुछने पर उसने अपना नाम कुंदन दीक्षित 40 वर्ष पिता जगत नारायण दीक्षित बरमदेही पारा खमतराई बताया है ,जिसे पुलिस ने हिरासत में लेकर अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त कर ली है।

# राजनांदगांव जिले में पहुंचा 22 हाथियों का दल

**» पानाबरस के जंगलों के कर रहा विचरण**

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** लगभग 2 वर्ष पूर्व राजनांदगांव जिले में दो हाथियों की आमद के बाद अब 22 हाथियों का दल मोहला क्षेत्र के पानाबरस जंगल में विचरण कर रहा है। वहीं वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को जंगल से दूर रहने की चेतावनी दी गई है।

राजनांदगांव जिला मुख्यालय से लगभग 85 किलोमीटर दूर मोहला क्षेत्र के पानाबरस जंगल में 22 हाथियों का दल बीते 2 दिनों से विचरण कर रहा है। बीती रात इन हाथियों के दल ने उत्पात मचाते हुए ग्राम बैगा टोला के ग्रामीण का कच्चा मकान तोड़ दिया। वहीं अब इन हाथियों का दल दो भागों में बंट कर अलग-अलग क्षेत्रों में निकल पड़ा है, जिसमें एक दल पाना बरस जंगल के वन परीक्षेत्र क्रमांक-477 में देखा गया है। वन विभाग के द्वारा वन विभाग की टीम और ग्राम वन समिति के माध्यम से हाथियों और लोगों को सुरक्षित रखने की कवायद की जा रही है, जिसके तहत ग्रामीणों को जंगल में नहीं जाने की समझाइश दी गई है। इस मामले में राजनंदगांव वन मंडलाधिकारी गुरुनाथन एन का कहना है कि हाथियों का दल दो भागों में बंट कर विचरण कर रहा है। आसपास गांव में मुनादी कराकर हाथियों के अनुकूल व्यवहार करने की समझाइश ग्रामीणों को दी जा रही है। वहीं जंगल में जाने से लोगों को मना किया गया है। गौरतलब हो कि लगभग 2 वर्ष पूर्व राजनांदगांव जिले में बालोद जिले की ओर से दो हाथियों की आमद हुई थी, वहीं इसके बाद अब 2 दिन पूर्व ही बालोद जिले से लगभग 22 हाथियों का झुंड मानपुर-मोहला क्षेत्र की ओर से प्रवेश किया है। इन हाथियों के झुंड के द्वारा फसलों को नुकसान भी पहुंचाया जा रहा है। इन हाथियों के दो दलों को पेंदाकोड़ो और बोदाल माइंस के समीप ग्रामीणों ने देखा है, तो वहीं इनमें से एक दल की मौजूदगी पाना बरस जंगल में भी देखी जा रही है। वन विभाग के द्वारा हाथियों के विचरण करने के मार्ग के आसपास सभी गांवों में मुनादी कराई गई है और ग्रामीणों को हाथी से बचाव के तरीके भी बताया जा रहा है। लगभग 22 हाथियों के झुंड के आने से मानपुर, मोहला और अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में दहशत का माहौल भी दिखाई दे रहा है। वर्तमान समय खेती किसानी का होने के चलते जंगल के आसपास खेतों में जाने वाले ग्रामीणों को इन हाथियों के दल से अधिक खतरा बना हुआ है। वहीं वन विभाग ग्रामीणों और हाथियों दोनों को सुरक्षित करने में जुटा हुआ है।



### बस्ती में घुसा 4 हाथियों का दल, वन विभाग की टीम मौके पर

**महासमुंद।** चार दंतैल हाथियों का दल एकबार फिर महासमुंद शहर के नजदीक विचरण कर रहा है। शहर के नजदीकी गांव उमरदा, झालखम्हरिया, खट्टी में तीन लोगों को मौत के घाट उतार चुके हिंसक हो चुके जंगली हाथियों के विचरण से ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग का अमला हाई अलर्ट मोड में है। आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है।

हाथियों के लिए रोकनी पड़ी ट्रेन

चारों दंतैल हाथी हाथी कोसरंगी सिद्ध बाबा पहाड़ी की ओर रोड पार कर अरंड बस्ती की ओर बढ़े। तब भीमखोज रेलवे स्टेशन में ट्रेन को रोककर हाथियों को पटरी पार कराया गया। चारों हाथी अरण्ड रेलवे स्टेशन के पास से फाटक से पार कर अरण्ड बस्ती में पहुंच गए। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। वहां से जैसे-तैसे कर खदेड़ा गया। अरण्ड-दलदली जंगल में हाथी इस समय विचरण कर रहे हैं। अरण्ड से मोहंदी मार्ग पर आवाजाही रोक दी गई है। आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है। हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की जा रही है।

## गणेश विसर्जन के दौरान डीजे नही बजाने पर युवक को मारा चाकू, बीच बचाव करने पर दोस्तों के साथ भी की जमकर मारपीट

**» तीन आरोपी व उसके अन्य साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज**

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के पुरानीबस्ती थाना क्षेत्र में बुधवार की देररात गणेश विसर्जन के दौरान डीजे नही बजाने पर एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया तथा बीच बचाव करने पर उसके दोस्तों को मारपीट कर चोट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पुरानीबस्ती थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मलसाय तालाब कुशालपुर पुरानीबस्ती निवासी राहुल सोनी 26 वर्ष पिता राजकुमार सोनी ने शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी ब्रम्हपुरी गणेश समिति के साथ गणेश विसर्जन करने जा रहा था। तभी लाखेनगर चौक के पास बंधवापारा की ओर से आ रही गणेश समिति दादु सोनकर,रोशन सोनकर एवं उसके अन्य साथियों ने प्रार्थी के गणेश के साथ जा रहे डीजे को रोककर बजाने बोला,नही बजाने पर प्रार्थी के साथ विवाद कर दादु सोनकर ने हत्या करने की नियत से उसके पेट में चाकू मारकर प्राणघातक चोट पहुंचाया इसे देख राहुल के दोस्तों ने जब बीच बचाव करना आये तब दादु सोनकर व उसके साथियों ने उन्हें भी हाथ-मुक्का एवं बस्ते से मारकर चोट पहुंचाया। राहुल सोनी व प्रदीप को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है।मामले की शिकायत पर पुलिस ने दादु सोनकर,रोशन सोनकर,नरेन्द्र सोनकर एवं उसके अन्य साथियों के खिलाफ धारा 307,34,506 बी,294 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में श्रेष्ठ प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ को चार राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर (आरएनएस)।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में छत्तीसगढ़ ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मंडाविया ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा आज नई दिल्ली में ऑनलाइन आयोजित आरोग्य मंथन 3.0 में प्रदेश को ये पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा द्वारा छह श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें से चार श्रेणियों में छत्तीसगढ़ को पुरस्कृत किया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव के नेतृत्व में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना में छत्तीसगढ़ ने देश के अन्य राज्यों की तुलना में दमदार उपस्थिति बनाई है। दोनों ने योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी है और पूरे अमले की पीठ थपथपाई है।

**इन श्रेणियों में मिला पुरस्कार-** छत्तीसगढ़ को च्वाइस सेंटर्स के माध्यम से देश भर में सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड के पंजीयन के लिए प्रथम स्थान मिला है। राज्य के प्रत्येक परिवार के कम से कम एक सदस्य के आयुष्मान कार्ड पंजीयन में भी छत्तीसगढ़ ने पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखंड के कुसमुसा गांव के च्वाइस सेंटर संचालक सुनील कुमार कुशवाहा आयुष्मान कार्ड पंजीयन के मामले में पूरे देश में दूसरे स्थान पर हैं। प्रदेश में लैंगिक-समानता को प्राथमिकता देते हुए तीन लाख 20 हजार 661 महिलाओं को योजना के माध्यम से उपचार उपलब्ध कराया गया है। छत्तीसगढ़ इस मामले में देश में तीसरे स्थान पर है।

# घरेलू गैस सिलेंडर से गैस निकासी मामला : 181 नग सिलेंडर में मिला 272 किलो गैस कम

**» हर सिलेंडर से निकला 1 से 2 किलो गैस**

**» प्रबंधक से 1171 सिलेंडर जब्त**

**रायपुर (आरएनएस)।** अमर गैस एजेंसी बिरगांव के स्टाफ कर्मचारी द्वारा अपने ही गैस एजेंसी के घरेलू और व्यवसायिक सिलेंडर से गैस चोरी के मामले में खाद्य विभाग के द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए 1171 नग गैस सिलेंडर द्रवित पेट्रोलियम (प्रदाय और वितरण विनियमन ) आदेश 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है। जिला खाद्य नियंत्रक तरुण राठौर ने बताया कि खाद्य विभाग को लगातार इस बात की शिकायत मिल रही थी कि बिरगावं में घरेलू गैस सिलेंडर में वजन की कमी आ रही है साथ ही सिलेंडर जल्दी खत्म हो रहा है। खाद्य विभाग की टीम ने उरकुरा स्थित एक खुले प्लाट में 360 घरेलू गैस सिलेंडर रखे वाहन की जांच किये जाने पर गैस एजेंसी के ही दो कर्मचारी घरेलू गैस सिलेंडर से पीतल के बांसुरी से सिलेंडर की सील और केप को निकाल कर 191 घरेलू और व्यवसायिक सिलेंडर से 294 किलो गैस निकाल चुके थे। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा तो बांसुरी छोड़ कर दोनो कर्मचारी भाग निकले। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने मौके पर गैस सिलेंडर परिवहन करने वाले ट्रक सहित जिन 5 केरियर वाहनों में गैस उपभोक्ताओं को घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति की जाती थी उन्हें जप्त कर अमर इंडेन गैस एजेंसी के नंदनवन स्थित गोदाम में जाकर हर सिलेंडर का तौल कराया गया जिसमें 191 सिलेंडर में वजन कम पाया गया। एजेंसी के दो कर्मचारी के द्वारा इस कार्यवाही को अंजाम दिया गया था । गैस एजेंसी के स्टॉक रजिस्टर और मूल्य सूची सहित गोदाम में रखे गैस सिलेंडर की संख्या में अंतर पाए जाने के कारण खाद्य निरीक्षक रीना साहू ने 1171 खाली एवम भरे हुए सिलेंडर जप्त कर लिया है। खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी संजय दुबे के साथ खाद्य निरीक्षक मनीष यादव,सोनल चंद्राकर,रीना साहू, संदीप शर्मा,श्रद्धा चौहान की टीम ने जांच कर अमर इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक के विरुद्ध द्रवित पेट्रोलियम गैस(प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## वेबसाइट की गड़बड़ी से प्रधानमंत्री फसल बीमा अधर में अटका

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर जिले के 25 हजार से अधिक किसानों ने इस वर्ष 49 हजार 82 हेक्टेयर रकबा में धान व मक्का का प्रधानमंत्री फसल बीमा करवाया है, वेबसाइट में किसानों के जानकारी सही तरह से अपलोड नहीं होने से जुलाई में आवेदन जमा होने के बाद भी अब तक किसानों का दस्तावेज अपलोड नहीं हो सका है, जिसके पीछे तकनीकी समस्या बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार की ओर से 30 जुलाई तक सहकारी बैंकों व सीएससी के माध्यम से जमा करवाए गए थे। इसके बाद किसानों के नाम, आधार कार्ड नंबर, फसल के रकबे की जानकारी, लोन इत्यादि जानकारी केन्द्र को भेजी जानी है। जिला सहकारी बैंक में पहले से पंजीकृत किसानों की जानकारी अपडेट है, ऐसे में पंजीकृत किसानों की जानकारी सही सलामत है। पर अन्य अऋणी किसान जिन्होंने अपनी फसल की बीमा के लिए आवेदन किया है। उनका आधार, नाम और अन्य जानकारी कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम अपलोड होना है। पर सीएससी की साइड में तकनीकि समस्या से किसानों की जानकारी भेजने में असुविधा हो रही है।

## आरपीएफ द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने केनवास में अनेको रंग बिखेरे

**» बेटी-बचाओं, बेटी- पढ़ाओं, कन्या भ्रुण हत्या जैसे कई विषयों पर पेंटिंग कर समाज को जागरूक करने का दिया सन्देश**

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे सुरक्षा बल रायपुर मंडल के द्वारा स्थापना दिवस पर आयोजित किये जा कार्यक्रमों की कड़ी में गुरूवार को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 05 से 10 वर्ष तक एवं 11 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। रेलवे सुरक्षा बल के स्थापना दिवस के अवसर पर मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल संजय गुप्ता रायपुर के मार्गदर्शन में 20 सितम्बर से 25 सितम्बर तक स्थापना दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रेलवे सुरक्षा बल कर्मचारियों के बच्चो की पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता मे बच्चों को उनके आयु वर्ग के आधार पर दो वर्गों में विभाजित किया गया था। इस दौरान पहले वर्ग मे 05 से 10 वर्ष तक के बच्चो को एवं दूसरा वर्ग 11 से 15 वर्ष तक के बच्चो को शामिल किया गया। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चो के द्वारा अपने-अपने पेंटिंग, ड्राईग से केनवास में अनेको रंग बिखेरे गये। जिसमे बेटी-बचाओं, बेटी- पढ़ाओं, बालिकाओं से भेदभाव नही करने और उन्हे लड़को के बराबर का दर्जा दिये जाने, कन्या भ्रुण हत्या नही करने जैसे विषयों पर पेटिगं बनाकर समाज को जागरूक करने का सन्देश दिया। साथ ही कोरोना महामारी के विरूद्ध लड़ी गई लड़ाई, प्रकृति का संरक्षण ऐतिहासिक स्थलों को अपने पेटिंग में उकेरा गया। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में आकृति महाना, सुभि श्रीवास, पलक कुमारी पारकर, प्रतीक मिश्रा, टी-तेजस, शैलजा खोबरागड़े, सौम्या ध्रुव, अचल मरकाम, अंकिता मरकाम, सोनाली पटेल बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल रायपुर सुनिल बी. चाटे, कार्यालय अधीक्षक एस.रवि कुमार का प्रमुख सहयोग रहा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य सब में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# ड्रोन से ग्रामीण आबादी का तैयार किया जा रहा है मानचित्रण

**» जिले के 7 गांव में ड्रोन से हुआ आबादी का सर्वे**

**दुर्ग (आरएनएस)।** स्वामित्व योजना के तहत भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी पट्टे का वितरण किया जाना है। इस योजना के तहत दुर्ग के सभी ग्रामों में सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। सर्वेक्षण का कार्य अत्याधुनिक ड्रोन कैमरे से किया जा रहा है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कवर्धा-कबीरधाम एवं दुर्ग जिले को चयनित किया गया है। जिले में सर्वेक्षण कार्य 22 सितंबर से प्रारंभ किया जा चुका है। आज दुर्ग तहसील में भटगांव, जेवरा एवं खपरी, पाटन तहसील में कापसी एवं कोपेडीह और धमधा तहसील में राजपुर एवं नंदौरी ग्राम में ड्रोन सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है। ड्रोन के माध्यम से खींचे गए चित्रों को सर्वे ऑफ इंडिया अपनी भौगोलिक सूचना प्रणाली प्रयोगशाला (जिओग्राफिक इंफॅर्मेशन सिस्टम लैब) में संसाधित करेगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश में ग्रामीण आबादी के सर्वे के लिए राजस्व और पंचायत एवं ग्रामीण विकास की टीम गठित की गई है, जो कि केंद्रीय टीम की मदद करेगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आर.आई., पटवारी और पंचायत की टीमें भी विशेष ड्यूटी के लिए लगाई गई है। योजना का उद्देश्य एक एकीकृत संपत्ति सत्यापन की व्यवस्था बनाना है।

ड्रोन से सर्वे के बाद प्रारूप नक्शा तहसीलदार और पटवारियों को सौंपा जाएगा। वे प्रारूप से अपने रिकॉर्ड का मिलान करेंगे। हर एक मकान व भूमि का रिकॉर्ड मोबाइल एप पर अपलोड होगा। योजना का क्रियान्वयन - पंचायती राज मंत्रालय, राज्य पंचायती राज विभाग और राज्य राजस्व विभाग की आपसी साझेदारी के साथ ड्रोन सर्वेक्षण टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए, आबादी वाले क्षेत्रों का सीमांकन (आबादी क्षेत्र में आवासीय भूमि, आबादी के नजदीक की बसावट और ग्रामीण क्षेत्रों में बाड़ी-बस्ती शामिल हैं) किया जाएगा। संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार देने के लिए हवाई सर्वेक्षण से उच्च गुणवत्ता (हाई रेजोल्यूशन) और सटीक माप वाले मानचित्र मिलेंगे। इन्हीं मानचित्रों या आंकड़ों के आधार पर, ग्रामीण परिवार के स्वामियों को संपत्ति कार्ड जारी किए जाएंगे।

आबादी सर्वेक्षण से होंगे ये लाभ -आबादी सर्वेक्षण से ग्रामवासियों के लिए ग्रामीण संपत्तियों का अधिकार अभिलेख प्राप्त होगा, प्रत्येक संपत्ति धारक को उसकी संपत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र मिलेगा। संपत्तियों पर बैक से ऋण लेना आसान होगा। संपत्तियों के पारिवारिक विभाजन, संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सुगम होगी। पारिवारिक सम्पत्ति के विवाद कम होंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों को संपत्ति शुल्क के रूप में पंचायत को स्थानीय आय के साधन प्राप्त होगा।